रमेश बिधुड़ी
पूर्व संसद सदस्य
दक्षिण दिल्ली (लोक सभा)

निवासः
179, सुनपत हाउस,
गांव तुगलकाबाद,
नई दिल्ली – 110044,
दूरभाष : 011–26054499

कालका जी से भाजपा उम्मीदवार श्री रमेश बिधूड़ी जी का प्रेस वक्तव्य

दिल्ली के आम नागरिकों से अपील

मैं, भारतीय जनता पार्टी का एक निष्ठावान कार्यकर्ता हूं। पार्टी ने निरंतर मुझे आशीर्वाद दिया है और मेरे उपर भरोसा भी जताया है। लगातार पच्चीस वर्षों से प्रमुख दायित्वों पर रहते हुए पार्टी ने मुझे दो बार सांसद एवं तीन बार विधायक बनाया और चौथी बार भी आपके दरवाजे पर आने का मौका दिया है।

पार्टी ने मुझे बहुत कुछ ~~भी~~ दिया है, मेरा किसी भी पद के लिए कोई दावा नहीं है। लगातार श्री अरविंद केजरीवाल ने मेरे संदर्भ में भ्रामक दुष्प्रचार शुरू किया है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं किसी भी पद का दावेदार नहीं हूं।

आपके आशीर्वाद से मैं जनता की सेवा में समर्पित हूं। हमारा मूलमंत्र है-तन समर्पित, मन समर्पित और यह जीवन समर्पित, चाहता हूं देश तूझे और दूं-और दूँ।

श्री अरविंद केजरीवाल मेरे संदर्भ में घोषणा करके यह मान चुके हैं कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आ रही है और उन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली, क्योंकि यह जगजाहिर है कि दिल्ली की जनता में उनके प्रति व्यापक नाराजगी है। जनता शराब घोटाले, शिक्षा घोटाले, स्वास्थ्य घोटाले, शीशमहल घोटाले सहित टूटी सड़के, गंदा पेयजल आदि से निजात पाना चाहती है। जनता चाहती है कि एकबार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने।

विधायक एवं सांसद के रूप में मैंने पूरे मनोयोग से आपकी सेवा की है। मैं आप से अपील करता हूं कि आप लोग आप-दा पार्टी के झांसे में नहीं आए। भारतीय जनता पार्टी को बहुमत दें, क्योंकि भाजपा दिल्ली के नागरिकों के प्रति समर्पित है।

मैं भारतीय जनता पार्टी के प्रति जितना समर्पित हूं उतना ही जनता के प्रति समर्पित हूं। मेरे बारे में मुख्यमंत्री पद की बात करना बिल्कुल बेबुनियाद है। मैं आपका सेवक के रूप में अनवरत कार्य करता रहूंगा।

12/1/25